झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

षष्ठम् झारखण्ड विधान–सभा
संख्या–02

प्रथम सत्र
मंगलवार, दिनांक–10दिसम्बर, 2024 ई०।

समय–11.00 बजे पूर्वा० से 12.00 बजे मध्या० तक।

(माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

1.अध्यक्ष का निर्वाचन–

माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–8(1) एवं 8(4) के तहत अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा के निर्वाचन के सम्बन्ध में प्रावधानित नियमों से सदन को अवगत कराते हुए एतद् सम्बन्धी प्राप्त निम्न सात सूचनाओं से सदन को अवगत कराया गया–

क्र०सं०	प्रस्तावक सदस्य	अनुमोदनकर्त्ता	प्रस्ताव
01	श्री हेमन्त सोरेन	श्री मथुरा प्रसाद महतो	श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स०वि०स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें।
02	श्री राधा कृष्ण किशोर	श्री रामेश्वर उराँव	श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स०वि०स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें।
03	श्री सुरेश पासवान	श्री नरेश प्रसाद सिंह	श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स०वि०स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें।
04	श्री अरूप चटर्जी	श्री चन्द्रेश्वर महतो	श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स०वि०स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें।
05	श्री बाबू लाल मराण्डी	श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह	श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स०वि०स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें।
06	श्री सरयू राय	श्री जनार्दन पासवान	श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स०वि०स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें।
07	श्री जयराम कुमार महतो	श्री निर्मल महतो	श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स०वि०स० विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें।

आसन की अनुमति से माननीय मुख्यमंत्री सह सदन नेता, श्री हेमन्त सोरेन द्वारा माननीय अध्यक्ष के निर्वाचन सम्बन्धी प्रस्ताव को पढ़ा गया तत्पश्चात् माननीय सदस्य, श्री रवीन्द्रनाथ महतो सर्वसम्मति से झारखण्ड विधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए जिसकी घोषणा माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा की गयी। इसके उपरांत माननीय प्रोटेम अध्यक्ष महोदय द्वारा पुकारे जाने पर माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन एवं माननीय सदस्य, श्री बाबू लाल मराण्डी ने ससम्मान नवनिर्वाचित माननीय अध्यक्ष महोदय को आसन तक लाया।

(इस अवसर पर नवनिर्वाचित माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

आसन की अनुमति से माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन, माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री राधाकृष्ण किशोर सहित निम्न माननीय सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित माननीय अध्यक्ष महोदय को शुभकामनायें प्रेषित करते हुए अपने–अपने उद्‌गार व्यक्त किये गये–

श्री बाबू लाल मराण्डी,
श्री सुरेश पासवान,
श्री अरूप चटर्जी,
श्री सरयू राय,
श्री जनार्दन पासवान,
श्री निर्मल महतो एवं
श्री जयराम कुमार महतो।

2.अध्यक्ष का उद्‌गार–

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सर्वसम्मति से विधान सभा अध्यक्ष चुने जाने के लिए माननीय सदन नेता सहित सभी माननीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अपने उद्‌गार में अध्यक्ष महोदय ने कहा कि आम चुनाव लोकतंत्र का महाउत्सव था इसमें हमारे राज्य में भौगोलिक विविधतायें, प्रतिकूल मौसम और अन्य चुनौतियों के बावजूद राज्य के मतदाताओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया जिसके लिए उनकी तथा सदन की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन जी के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार सरकार बनी है जिससे राज्य के जनता की अपेक्षायें, आशायें और आकांक्षायें बढ़ी हैं इस हेतु बेहतर सामूहिक प्रयास की आवश्यकता की कामना के साथ ही उम्मीद जतायी गयी कि राज्य के नवनिर्माण में सभी माननीय सदस्य मिलकर रचनात्मक भूमिका निभायेंगे। सदन में पहली बार चुनकर आये 21 नये माननीय सदस्यों का भी विशेष रूप से अभिनन्दन किया गया साथ ही उम्मीद जतायी गयी कि निर्वाचित सदस्य सदन के नियमों, परम्पराओं का गहन अध्ययन करेंगे और अपने अभिभावक समान वरिष्ठों के अनुभव का लाभ उठाकर श्रेष्ठ संसदीय परम्पराओं का पालन करेंगे।

आसन द्वारा पक्ष एवं विपक्ष के सभी माननीय सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए निष्पक्ष रूप से सदन के संचालन का आश्वासन भी दिया गया। षष्ठम् विधान सभा के लिए माननीय प्रोटेम स्पीकर, प्रो० स्टीफन मराण्डी जी के लिए आभार व्यक्त किया गया तथा सदन की गरिमा और प्रतिष्ठा को बढ़ाने का विश्वास दिलाते हुए अंत में माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन, मंत्रिगण सहित तमाम माननीय सदस्यों का आसन के द्वारा धन्यवाद प्रकट किया गया।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक–11.12.2024 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–10 दिसम्बर, 2024 ई०।

माणिक लाल हेम्ब्रम
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।